हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024


तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री


13 सांसद ने प्रधानमंत्री आवास के 20 हितग्राहियों को सौंपी चाबी

14 संयुक्त प्रयास से बैराज निर्माण की मांग शासन...





## समस्या : आफलाइन टोकन नहीं कटाने के कारण बनी स्थिति

# टोकन नहीं कटने के कारण पिपरछेड़ी, परसदा में धान खरीदी थमी, आगे दो दिन भी रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

क्षेत्र में 14 नवंबर से विभिन्न समितियों के माध्यम से किसानों के धान खरीदी प्रारंभ किया गया है। जिसमें शासन द्वारा सभी प्रकार की व्यवस्था हो जाने की लगातार जानकारी प्रदान की जा रही है। किसानों को धान बेचने के लिए ऑनलाइन टोकन की सुविधा की गई है। समिति पर जाने पर पता चलता है कि किसानों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था समिति नहीं करवा पा रही है। साथ-साथ ऑफलाइन टोकन नहीं काटने वजह से पिपरछेड़ी व परसदा में धान खरीदी क्रमशः बंद है।

- किसानों के पीने के लिए पानी की व्यवस्था भी समिति नहीं करवा पा रही

पिपरछेड़ी में 20,21 नवंबर को टोकन नहीं कटने की वजह से बंद है, अब 22 को खुलेगा। 23 -24 को पुनः शनिवार रविवार होने की वजह से बंद रहेगा। इसी तरह धान उपार्जन के परसदा में 21-22 नवंबर को टोकन नहीं काटने की वजह से बंद है और 23-24 नवंबर को शनिवार रविवार के अवकाश होने की वजह से बंद रहेगा। कुल मिलाकर चार दिन धान खरीदी बंद रहेगी ,धान उपार्जन केंद्र परसदा में किसानों के पीने के पानी के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं होने की वजह से दूर से पानी लाकर पानी पिलाया जा रहा है। इसके अलावा फड़ लिपाई के लिए पानी नहीं होने की वजह से सभी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। साथ-साथ समितियां में नए पुराने बारदाने के साथ धान खरीदी किया जाना है। समितियां में सिर्फ आज तक के पुराने बोरे हैं, नहीं पहुंचते हैं तो धान खरीदी कैसे होगी ?



### किसान अपने बोरे में बेच सकते हैं धान

इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी अमित चंद्राकर ने कहा कि शासन द्वारा निर्देश प्राप्त हो गया कि किसान अपने बोरे में धान बेच सकते हैं। उसे समिति द्वारा ऑनलाइन एंट्री करने पर प्रति बोरा उन्हें 25 के हिसाब से किसान के खाते में उन्हें भुगतान किया जाएगा। किसी भी वजह से धान खरीदी रुकेगी नहीं।

### शासन से मार्गदर्शन का इंतजार

आदिम जाति सेवा समिति पाटसिवनी के प्रभारी उदेश्वर कौशिक ने बताया कि शासन द्वारा सुरक्षा एवं प्रासंगिक व्यय के रूप में राशि प्राप्त हुआ है किंतु यह राशि तैयारी में खत्म हो जाती है। धान उपार्जन केंद्र परसदा जो आदिम जाति सेवा समिति पाठ सिवनी के अंतर्गत के अंतर्गत आता है। वहां पानी की व्यवस्था करने के लिए राशि नहीं होने की वजह से समिति पानी की व्यवस्था नहीं कर सकती। साथ-साथ पुराने बारदाना सिर्फ 21 नवंबर तक है आगे शासन को जानकारी प्रेषित की जाएगी। अगर बारदाना नहीं आने पर खरीदी चालू रहेगी या बंद रहेगी क्योंकि शासन द्वारा धान बेचने आया किसानों को आधा नए बारदाना और आधे पुराने बारदाना से धान खरीदी की जा रही है। किंतु राइस मिल में हड़ताल होने की वजह से पुराने वरदानों की सप्लाई नहीं हो रही है इसलिए लगभग सभी समितियां में पुराना बारदाना खत्म होने के कगार पर हैं। सभी समिति शासन के निर्देशों के इंतजार में है ।

### एकीकृत किसान पोर्टल पर धान विक्रय की पंजीयन अवधि बढ़ी

गरियाबंद। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिलें के कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रूपये के दर से धान का उपार्जन किसानों से किया जा रहा है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि धान विक्रय के लिए शासन द्वारा पंजीयन की अवधि 31 अक्टूबर तक नियत किया गया था। इस अवधि में जिले के 91 हजार 84 कृषकों का समिति स्तर से विपणन वर्ष 2024-25 हेतु कैरीफारवर्ड, पंजीयन किया गया है। परन्तु इस अवधि में कुछ राजस्व ग्राम वनअधिकार पट्टा, वनग्राम एवं असर्वेक्षित ग्राम के किसानों का समिति स्तर से समय-सीमा में कैरीफारवर्ड, पंजीयन की कार्यवाही नहीं होने के कारण से धान विक्रय से वंचित हो रहे थे। शासन द्वारा अतिरिक्त समय देते हुए कैरीफारवर्ड, पंजीयन की अवधि को एक सप्ताह के लिए वृद्धि किया गया है। ऐसे राजस्व ग्राम वन अधिकार पट्टा, वनग्राम एवं असर्वेक्षित ग्राम के किसानों से अपील की गई है कि जिन्होंने अभी तक अपना कैरीफारवर्ड, पंजीयन नही करा पाये है, उनका पंजीयन हेतु एकीकृत किसान पोर्टल के तहसील आईडी पर प्रावधान किया गया है। वे सभी किसान 25 नवम्बर 2024 तक अपने तहसील कार्यालय से सम्पर्क कर आवश्यक दस्तावेज जैसे- वनपट्टा, आधार, बैंक पासबुक आदि के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करवा सकते हैं। साथ ही शासन द्वारा ऐसे किसान जो डुबान क्षेत्र, संस्थगत, रेगहा, बटाईदार, लीज के तहत पंजीयन करवाकर धान विक्रय करते है वे भी पंजीयन कराने के लिए 25 नवम्बर तक अपने तहसील कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजो के साथ उपस्थित होके पंजीयन करवाकर समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर सकते हैं।

## बेलर उपार्जन केन्द्र में किसान, हमाल व अधिकारियों की बैठक में बनी सहमति



खबर का असर

**छुईहा बेलर।** बेलर उपार्जन केंद्र में हमाल की कमी के कारण किसानो को खुद ही कांटा करने बोरा सिलाई करने का समाचार हरिभूमि में प्रकाशित हुआ था। इसके बाद जिला, ब्लाक के अधिकारी गुरुवार को बेलर केन्द्र पहुंचे। साथ आश्रित ग्राम बेलर, चरभट्ठी, देवगांव, फुलझर के सरपंच, ग्राम प्रमुख, पटेल, सहकारी समिति सदस्य सैकड़ों किसान ,नये पुराने हमाल, जिला पंजीयक अधिकारी उषा ध्रुव , सहकारिता विस्तार अधिकारी एम आर गडतिया ,एस एन पांडे ब्रांच मनेजर,समीति प्रबंधक नीलकंठ साहू के बीच फड़ में गुरुवार को बैठक रखी गई। काफी जद्दोजहद के बाद हमाल, किसान और समिति प्रबंधन अधिकारी के बीच सहमति बनी। जिसमे अभी 11 हमाल अभी दैनिक वेतन पर कार्यरत रहेंगे। हमाल ने अपनी सहमति लिखित में दी है। इसके बाद से किसान और समिति प्रबंधन ने राहत ली है। पूर्व सरपंच बेलर ने कहा उपार्जन केन्द्र में किसी प्रकार समस्या आती है तो किसी एक जिम्मेदारी नहीं है। हम सब किसान, हमाल, अधिकारी मिलकर आगे भी समस्या का हल निकालेंगे। बैठक में राम जी साहू ख़ोमन साहू अमरसिंह साहू तुलाराम साहू पीला चांद टंडन पीतांबर यादव नीलकंठ साहू ओंकार साहू रमणीक साहू बिसोहा साहू देवेंद्र साहू तेजराम साहू आसाराम साहू बीजू साहू चिंता साहू दूध राम साहू गिरवर साहू मन्नू साहू भेखराम साहू सुरेंद्र रात्रे हेमलाल बनकर तुलसी साहू सुमन यादव नंद कुमार साहू लेखराम भागवत सिन्हा, महेतरू सिन्हा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मौसम के करवट लेने से बढ़ी ठंड ग्रामीण इलाकों में जलने लगे अलाव

**मैनपुर।** क्षेत्र में पिछले 4–5 दिनों से क्षेत्र मे मौसम के साफ होते ही ठंड ने दस्तक दे दी है।सुबह और शाम को ठंड ठिठुरन पैदा करने लगी है शाम और सुबह ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अलाव जलाकर आग संेकते आसानी से देखा जा सकता है। मोटर साइकल में सफर करने वाले लोग सुबह , शाम व रात को निकलने से बच रहे है। गर में गर्म कपड़ो की मांग बढ़ गई है। मैनपुर वनांचल में अचानक कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। जिससे सेहत पर भी विपरित असर देखने को मिल रहा है। लोग सर्दी खांसी बुखार के चपेट में आ रहे है। सरकारी सहित निजी अस्पतालों में भीड़ देखी जा रही है।

### वार्ड में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**राजिम।** राजिम नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन सभापति पूर्णिमा चंद्राकर-सभापति पुष्पा गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर किसान सेवा समिति के चोवाराम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल ,टीकम पाल, मोनिस ध्रुव आदि मौजूद थे।

### कार्यकारिणी गठन के लिए संघ की बैठक होगी 24 को

**छुरा।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बसंत कुमार वर्मा ने बताया है कि 24 नवंबर को सुबह 11 से तहसील कार्यालय अर्जी नवीस कक्ष गरियाबंद में संघ की बैठक रखी गई है। बैठक में जिला कार्यकारिणी सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष जैसे प्रमुख पदों पर नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने अपील की है कि सभी अधिक संख्या में पहुंचे ताकि संघ को मजबूत किया जा सके ।

### ट्रैक्टर का सेल्फ स्टार्टर चोरी

**महासमुंद।** ट्रैक्टर के सेल्फ स्टार्टर चोरी के मामले में महासमुंद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। कौंदकेरा निवासी और प्रार्थी देवेंद्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे घर ब्यारा में अपने ट्रैक्टर के पास जाकर देखा तो उसका सेल्फ स्टार्टर कीमत 8000 रुपए नहीं था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि गांव के योगेश्वर चंद्राकर के ट्रैक्टर का सेल्फ स्टार्टर एवं प्रेमलाल साहू के ट्रैक्टर के टोचन पट्टी की भी चोरी हुई है। इसके कुछ दिन पूर्व भी गांव के खम्भन चंद्राकर के ट्रैक्टर का नांगर एवं भूपेंद्र चंद्राकर व संजय चंद्राकर के नलकूप का केबल वायर की चोरी हुई थी। पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धार 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर के पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थी व पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप के कर्मचारी प्रतीक साहू ने बताया कि 20 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे पेट्रोल पंप में सैफ उल्ला खान अपने मोटर सायकल से आया और पानी भरने गया, लेकिन नल में पानी नहीं की बात प्रार्थी ने इशारे से उसे बताया। इसके बाद आरोपी आकर गाली देने लगा।

# 100 मीटर दौड़ में यमुना एवं रस्सीकसी में कौंदकेरा प्रथम

### ब्लाक स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर





फनेश्वरनाथ कॉलेज मैदान पर विकासखंड फिंगेश्वर के महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 18 नवंबर को हुआ। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक विकासखंडों में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी खेल अधिकारी खेल युवा विभाग कल्याण गरियाबंद के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है।

प्रतियोगिता को दो आयु समूह 9 से 18 वर्ष और 18 से 35 वर्ष आयोजित किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर में प्रथम यमुना ध्रुव, द्वितीय महेश्वरी ध्रुव, 400 मीटर दौड़ में प्रथम दुर्गा ध्रुव,द्वितीय–त्रमनी निषाद,तवा फेंक में अनुराधा प्रथम,द्वितीय–यामिनी ध्रुव,खो–खो में जामगांव प्रथम कोसमखुटा द्वितीय रहे। रस्साकसी में प्रथम कौंदकेरा द्वितीय बासीन रहा। इस प्रकार 18 से 35 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में नोमीन ध्रुव प्रथम द्वितीय–हनीता ,400 मीटर दौड़ में नोमिनी ध्रुव द्वितीय हनिता ध्रुव ,तवा फेंक में प्रथम हनिता ध्रुव,द्वितीय चांदनी साहू रहे। खो खो में जामगांव प्रथम,श्यामनगर द्वितीय रहे। रस्साकशी में प्रथम राजिम, द्वितीय जामगांव,बैडमिंटन में प्रथम चाँदनी साहू, द्वितीय वेदलता साहू,वॉलीबॉल में श्यामनगर की टीम विजय रहे। इस प्रकार जो प्रतिभागी या टीम प्रथम रही है वे आगामी जिला स्तरिय महिला खेलकूद प्रतियोगिता गरियाबंद में भाग लेगी।

**आयोजन सफल बनाने में इनका रहा योगदान-** आयोजन को सफल बनाने में ब्लॉक नोडल प्रभारी हरिश्चंद्र निषाद, व्यायामशिक्षक बुध लाल नेगी,रूप नारायण निर्मलकर चंद्रहास साहू और रेवती धुरव का योगदान रहा। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

# पुलिस नक्सली मुठभेड़, एक रायफल सहित नक्सल साहित्य और सामान किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

थाना जुगाड़ क्षेत्रातंर्गत अमाड़ जंगल में पुलिस व नक्सलियों में आज सुबह मुठभेड़ हुई। पुलिस के भारी पड़ने पर नक्सली भाग निकले। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने स्थल से एक सिंगल शॉट रायफल, नक्सल साहित्य व अन्य सामाग्री बरामद की है।

- गश्त के दौरान नक्सल मोर्चे पर मिली सफलता
- एक सिंगल शॉट रायफल के साथ नक्सल सामग्री बरामद

जानकारी के अनुसार गुरुवार को नक्सलियों की उपस्थिति की जानकारी लगते ही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गरियाबंद डीआरजी, कोबरा–207 बाटालियन, ओडिशा एसओजी नुआपाड़ा एवं नवरंगपुर), सीआरपीएफ 211बटालियन 65 बटालियन की संयुक्त टीम गस्त के लिए थाना जुगाड़ क्षेत्रतंर्गत अमाड़ जंगल की ओर निकली थी। सुबह करीबन 7 बजे सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को अपनी ओर आते देख फायरिंग की गई। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आत्मरक्षा हेतु फायरिंग किया गया। पुलिस पार्टी को भारी पड़ते देख नक्सली अपना डेरा छोड़ भाग गये। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण करने पर नक्सलियों का एक सिंगल शॉट रायफल, नक्सल साहित्य अन्य सामाग्रियां मिलीं। सर्चिंग पश्चात सभी पुलिस बल सकुशल अपने–अपने कैंपों के ओर लौट गए हैं।



### मुठभेड़ में भागे नक्सली: एसपी राखेचा

गरियाबंद पुलिस अधीक्षक नीखिल राखेचा ने बताया आज गरियाबंद ओड़िशा पुलिस कोबरा और सीआरपीएफ के संयुक्त टीम नक्सली सूचना की उपस्थिति पर अमाड़ जंगलो में रवाना हुई थी। जिसमें आज सुबह मुडभेड़ हुई है। नक्सलियों ने पुलिस पार्टी को अपनी ओर आते देख फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी फायर खोला। पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख नक्सली अपना डेरा छोड़ भाग गया। जब उस क्षेत्र की सर्चिंग की गई तो वहां सिंगल शार्ट रायफल हथियार बरामद किया गया। साथ ही दैनिक उपयोग की सामाग्री, नक्सल साहित्य व बहुत सारी सामाग्री बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया सूचना के आधार पर पता चल रहा है कि वहां 20–25 नक्सली उपस्थित थे। नक्सली मोर्चे पर लगातार सफलता मिल रही है।

## प्लेसमेंट कर्मियों की आज से शुरू होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल



**छुरा।** नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की समर्थन में गरियाबंद जिला के समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी 22 नवंबर से से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। महासंघ की प्रमुख मांग नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग जल संसाधन विभाग, पीडब्ल्यूडी,पीएचई, वन विभाग आदि के सामान निकायों से सीधे वेतन भुगतान किया जाये एवं ठेका प्रथा बन्द किया जाए । निकाय में 5,10,15 वर्षों से अधिक कार्यरत कर्मचारियों को रिक्त पदों में समायोजित किया जाए। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से नगर में सफाई,बिजली, पानी , आदि की व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। हड़ताल में नगर पंचायत के धनेश्वर नाग,नामेशसाहू,कमलेश सिन्हा, दीपक साहू, परमेश्वर सिन्हा, मनोज दुबे, रजत ध्रुव एवं समस्त सफाई कर्मचारी शामिल होंगे।

## कलेक्टर ने किया छात्रावास दर्रापारा का औचक निरीक्षण

# छात्रावास में बच्चों से सुविधाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिला मुख्यालय के दर्रापारा स्थित प्रयास आवासीय छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से अध्ययन, भोजन और मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने किचन, स्टोर रूम, शौचालय और शयन कक्ष में जाकर साफ सफाई और अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम राकेश गोलछा, नायब तहसीलदार सुश्री अवंतिका गुप्ता मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रयास आवासीय छात्रावास दर्रापारा का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान किचन, शौचालय, बच्चों के शयन कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर की साफ सफाई रखने की निर्देश दिये हैं। श्री अग्रवाल ने यहां स्टाक पंजी, आगंतुक पंजी और पालक पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि छात्रावास में बिना लिखित अनुमति के कोई भी मिलने ना आए।

- स्टोर रूम, शौचालय और शयन कक्ष में जाकर देखी साफ सफाई



### बच्चों के स्वास्थ्य की समय-समय पर की जाए जांच

उन्होंने कहा कि बच्चों को समय पर भोजन मिलना सुनिश्चित हो और समय-समय पर स्वास्थ्य चेकअप किया जाए। कलेक्टर ने विभाग को यहां अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी निरंतर सजग रहने निर्देश दिये।


पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### पुरानी मांगों पर डाक्टरों ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** विभिन्न समस्याओं को लेकर सीजी डाक्टर फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा है। मांग की गई है कि वर्ष 2018 बैच के 90 से अधिक चिकित्सकों की बॉण्ड पोस्टिंग नहीं हुई है, उन्हे पदस्थ किया जाए। पीजी कोर्स के लिए तीन वर्ष का सवैतनिक अवकाश दिया जाए। स्टेट कोटे से एम्स के पासआउट एमबीबीएस छात्रों को सीट नहीं दिया जाए। साथ ही बांड अवधि को एक साल करने के साथ चिकित्सकों को नियमित रजिस्ट्रेशन दिया जाए।

### खेमचंद को पीएचडी

**रायपुर।** जिला-खैरागढ़ के ग्राम दामरी निवासी खेमचंद टंडन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया। खेमचंद ने भूगोल अध्ययनशाला के सहायक प्राध्यापक डॉ. टीके सिंह के निर्देशन में छत्तीसगढ़ (भारत) के दुर्ग-राजनांदगाँव उच्चभूमि में जनजातियों की शैक्षिक गत्यात्मकता एक भौगोलिक विश्लेषण विषय में शोध किया।



### मधु को पीएचडी

**रायपुर।** जिला-बेमेतरा के ग्राम मेहना निवासी मधु सिंह को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया। मधु ने भूगोल अध्ययनशाला के सहायक प्राध्यापक डॉ. टीके सिंह के निर्देशन में बेमेतरा जिले में शिशु मर्त्यता पर स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रभावः एक भौगोलिक विश्लेषण विषय में शोध किया।



# नया रायपुर में 167 में 100 बसें संचालित, सिटी में 48 चला रहे, मेंटेनेंस के अभाव में स्टॉपेज कबाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

शहर की सड़कों पर ई-रिक्शा व ऑटो चालकों के मनमाने किराए की मार जहां लोग झेल रहे हैं, वहीं निगम द्वारा संचालित 167 में से 100 बसें नया रायपुर और रायपुर के बीच कर्मचारियों के लाने ले जाने में लगी हैं। आम लोगों के लिए अभी भी सिर्फ 48 सिटी बसें ही निगम चलवा रहा है। नतीजा, सभी बसों के स्टॉपेज के लिए शहर में बनवाए गए 120 से भी ज्यादा बस स्टॉपेज कबाड़ हो रहे हैं। इनमें यात्रियों के लिए लगाई गई कुर्सियां ही नहीं, बसों की टाइमिंग बताने वाले डिस्प्ले बोर्ड भी गायब हैं।राजधानी में आने-जाने वाले लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा देने और कमाई के लिए रायपुर निगम ने सिटी बसों का संचालन तो शुरू किया है। इसके बाद भी ऑटो चालकों द्वारा वसूले जाने वाले मनमाने किराए की मार से लोगों को राहत नहीं मिल रही है।

## राजधानी में बनवाए गए 120 से ज्यादा सिटी बस स्टॉपेज से डिस्प्ले बोर्ड, कुर्सियां भी गायब

### बस स्टॉपेज का भी हाल-बेहाल

पड़ताल में पाया गया कि शास्त्री चौक से रेलवे स्टेशन, पुराना बस स्टैंड से तेलीबांधा, शास्त्री चौक से आमानाका चौक सहित फाफाडीह से भनपुरी चौक जैसे सभी प्रमुख रूटों पर निगम ने 120 से ज्यादा बस स्टॉपेज बनवाया है। इनमें यात्रियों को बसों की टाइमिंग बताने के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाने के साथ ही यात्रियों को बैठने के लिए कुर्सियां भी लगवाई गई थी। अभी मौके पर न तो डिस्प्ले बोर्ड देखने को मिल रहा और ज्यादातर स्थानों से तो कुर्सियां भी चोरी हो गई हैं। इनकी सुध भी निगम नहीं ले रहा है।



### डिपो में सड़ रही 19 सिटी बसें

कोविड के समय सिटी बसों का संचालन बंद होने से दो दर्जन बसें कबाड़ की स्थिति में पहुंच गई थीं। मेंटेनेंस के लिए जब सरकार से फंड की मंजूरी मिली, उसके बाद भी मेंटेनेंस में विलंब के चलते सिटी बसों का परिचालन शुरू करने में विलंब हुआ। सरकार से 2023 में 1.25 करोड़ की मंजूरी मिली। इसके बाद बसों का मेंटेनेंस करवाने के बाद उन्हें शुरू तो किया, लेकिन 19 बसों का मेंटेनेंस अभी तक नहीं होने से पंडरी डिपों में मौसम की मार से सड़ रही हैं। इनका मेंटेनेंस जिम्मेदार नहीं करवा पाए हैं।

### ई-बसें शुरू होने पर करवाएंगे मेंटेनेंस

अभी शहर में 48 सिटी बसों का ही संचालन विभिन्न रूटों पर किया जा रहा है। 100 बसें रायपुर से नया रायपुर के बीच चल रही हैं। कर्मचारियों को लाने ले जाने में उन्हें लगाया गया है। ई-बसें शुरू होने से पहले ही बस स्टॉपेज का मेंटेनेंस करवाएंगे।

- **विनोद कुमार पांडेय**, अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

## कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक-54 का मामला


# एक-दो साल पहले मिला पट्टा, निगम ने लगा दिया 7-8 वर्ष का संपत्ति कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार


संपत्ति कर पटाने नगर निगम द्वारा भेजे गए नोटिस ने राजधानी रायपुर के कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक-54 में पट्टे के मकानों में निवासरत परिवारों के होश उड़ा दिए हैं। इन परिवारों को एक-दो वर्ष नहीं, बल्कि वर्ष 2016 से लेकर चालू वर्ष तक का प्रॉपर्टी टैक्स पटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है।

इतने वर्षों से लंबित प्रॉपर्टी टैक्स की राशि एक साथ जारी करने के कारण 40 हजार से लेकर करीब 80 हजार रुपए तक प्रॉपर्टी टैक्स का डिमांड बिल भेजा गया है। बिल की इतनी बड़ी राशि देखकर कई परिवारों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि इनमें कई ऐसे भी परिवार हैं, जो अभी भी कच्चे मकानों में निवास कर रहे हैं। इधर नगर निगम के राजस्व अधिकारियों का कहना है कि नजूल हो या पट्टाधारी संपत्ति, हर किसी को प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करना अनिवार्य है। पिछले वर्ष कई परिवारों को पट्टा दिया गया है, लेकिन उस संपत्ति पर परिवार जितने वर्षों से काबिज है, उन्हें उतने वर्षों का ही प्रॉपर्टी टैक्स देना होगा।





- नोटिस पाकर मकान मालिकों के उड़े होश



### केस 1
### अंगेश को 76 हजार रुपए का नोटिस

कविता नगर निवासी अंगेश साहू ने बताया कि निगम द्वारा उसे 76 हजार रुपए का डिमांड बिल भेजा गया है। यह बिल वर्ष 2016 से लेकर चालू वर्ष तक का है। इस बिल में सर चार्ज 2774 रुपए, यूजर चार्ज 2040 रुपए, जलकर 4200 तथा पिछला बकाया राशि 41800 रुपए है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में उसे मकान का पट्टा मिला है, लेकिन वह कई वर्षों से टैक्स पटाने का प्रयास करते आ रहा है। हर बार निगम के राजस्व अधिकारी ही उन्हें मना करते आ रहे थे।

### केस 2
### कामरू निशा को 41 हजार रुपए का नोटिस

कामरू निशा भी कविता नगर में पिछले कई वर्षों से छप्पड़ वाले मकान में निवासरत है। आर्थिक रुप से कमजोर होने की वजह से उनका परिवार अब तक मकान को बनवा नहीं पाए है। ऐसे में निगम द्वारा 41 हजार रुपए का डिमांड बिल भेजा गया है। इस नोटिस के बाद से उसका परिवार चिंता में है कि इस राशि का भुगतान कैसे करेंगे।

### केस 3
### छप्पर वाला घर

बाबाराम साहू भी इस कालोनी में पिछले कई वर्षों से परिवार के साथ रहता है। इनका घर भी छप्पर वाला है। निगम द्वारा इस परिवार को भी हजारों रुपए का डिमांड बिल भेजा गया है। इसके बाद से उनका परिवार भी चिंतित है।

*__कविता नगर में 50 से अधिक पट्टाधारी आवासों को नोटिस जारी :__ जोन-10 अंतर्गत संतोषी नगर क्षेत्र के कविता नगर में ही रहने वाले 50 से अधिक पट्टाधारी मकान मालिकों को निगम द्वारा डिमांड बिल भेजा गया है। इस वार्ड की पार्षद उमा निर्मलकर के पति चंद्राहास निर्मलकर ने बताया कि उनके वार्ड में कविता नगर में जिन लोगों को पिछले दो वर्ष के दौरान जिन्हें पट्टा वितरण किया गया है, उनमें कई लोग अभी भी कच्चे एवं झोपड़ीनुमा मकानों में रहते हैं। ये लोग काफी गरीब हैं। बमुश्किल अपना और परिवार का जीवन-यापन कर पाते हैं। ऐसे में अचानक इन लोगों को एक साथ हजारों रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बिल का नोटिस देना गलत है। जिन परिवारों को नोटिस मिला है, उनमें कइयों का कहना है कि कुछ वर्ष पहले वे प्रॉपर्टी का टैक्स देना चाहते थे, लेकिन निगम के अधिकारी ही उन्हें रोकते आ रहे थे कि पट्टा वाली संपति का अभी टैक्स लिया नहीं जा रहा है। अब ऐसे में इतने वर्षों का एक साथ टैक्स का वे कैसे भुगतान कर पाएंगे।*

*__जोन कमिश्नर से छूट की मांग :__ कविता नगर के पार्षद प्रतिनिधि के नेतृत्व में मोहल्ले के करीब दर्जनभर लोगों ने एक साथ भेजे गए डिमांड बिल के विरोध में जोन कमिश्नर से भी मिल चुके है। इस मामले में जोन कमिश्नर से पट्टा वितरण के पूर्व वर्षों का प्रॉपर्टी बिल राशि को माइनस कर छूट देने की मांग की गई है। हालांकि कमिश्नर ने उन्हें जानकारी दी है कि टैक्स नियम के तहत लगाया गया है। इसमें छूट दिया नहीं जा सकता है।*

### नियम के तहत भुगतान करना होगा

प्रॉपर्टी नजूल हो या पट्टे की। अगर लोग उस प्रॉपर्टी पर काबिज हैं, तो उन्हें प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करना होगा। यह नियम में है। एक मुश्त में अगर कोई भुगतान नहीं कर सकता है, तो किस्तों में करने के लिए आवेदन कर सकता है।

- **विवेकानंद दुबे,** उपायुक्त राजस्व, नगर निगम रायपुर

## मिनी स्टेडियम में हुई विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा, विजेता पुरस्कृत



**छुरा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा मिनी स्टेडियम छुरा में आयोजित की गई। प्रतियोगिता की शुरुआत खो-खो से हुई। यह प्रतियोगिता दो वर्ग 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित हुआ। जिला स्तरीय मुकाबला 22 नवंबर को गरियाबंद में आयोजित किया जाएगा। खो-खो, बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़, 400 मी दौड़, तवा फेंक, व्हालीबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी, कुश्ती में खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह नगर पंचायत पार्षद मीना चंद्राकर, रजनी लहरे के आतिथ्य में संपन्न हुआ। नोडल अधिकारी रेवेंद्र दीक्षित ने स्वागत प्रतिवेदन वाचन करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल बहुत ही आवश्यक है। न केवल स्वस्थ रहने के लिए वरन अपनी नया आयाम स्थापित करने में मिल का पत्थर साबित होगा। पार्षद मीना चंद्राकर ने खेल और युवा कल्याण विभाग के इस महती आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को घर से निकल कर खेल के मैदान में अपने हुनर दिखाने का अवसर प्रदान किया। मातृशक्ति ने अपने खेल कौशल से साबित किया है कि समय आने पर महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है। पार्षद रजनी लहरे ने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हम महिलाएं नहीं कर सकती। आज महिलाएं समाज को नई दिशा और दशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे छुरा नगर की बेटियों ने खेल प्रतिभा की बदौलत राष्ट्रीय पटल पर अपना नाम सुनहरे अक्षरों पर रेखांकित किया है। प्रथम, द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता संपन्न कराने में विशेष सहयोग हेतु व्यायाम शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट की गई। सफल संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक टंकेश्वर मरकाम ने किया।

**इनकी रही महती भूमिका-** व्यायाम शिक्षक डोमेश्वर ध्रुव, संजीत कुमार निषाद, पंकज कुमार साहू, पूरन लाल साहू, राजू साहू, रामप्रसाद साहू, वसीम कुरेशी, युनुस परवेज़ खान, भूपेंद्र कुमार ध्रुव, राजेश्वरी ठाकुर, चंद्रिका साहू,शीतल धुव ने आयोजन की सफलता में महती भूमिका निभाई।

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को नवा रायपुर के स्वास्थ्य भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आयुष, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीजीएमएससी एवं खाद्य एवं औषधि विभाग से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य जनहित से जुड़ा एक बड़ा मुद्दा है और इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के लिए कहा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, विशेष सचिव खाद्य एवं औषधि विभाग चंदन कुमार, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं प्रियंका शुक्ला, एमडी एनएचएम विजय दयाराम के एवं संचालक सीजीएमएससी पद्मिनी भोई उपस्थित थी।

### संभाग कमिश्नर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण


**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत रायपुर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने बुधवार को मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने रायपुर उत्तर विधानसभा, रायपुर पश्चिम विधानसभा, रायपुर ग्रामीण के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ एवं सुपरवाइजर से नाम जोड़ने, काटने, संशोधन करने, एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र में शिफ्टिंग किए जाने के संबंध में जानकारी ली। साथ ही नाम जोड़ने एवं काटने के संबंध में पूर्ण जांच बाद पुष्टि होने पर ही नाम जोड़ने एवं काटने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि 18-20 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों द्वारा नाम जोड़ने के संबंध में आवेदन पत्र प्राप्त होने के पर ही पूर्व में किस मतदान केंद्र में नाम जुड़ा था, उसकी काटने की पुष्टि दस्तावेज प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएं। इसके साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों को चिंहाकित कर उनका नाम काटने, शिफ्टिंग इत्यादि के लिए आवेदन प्राप्त होने पर गंभीरता से जांच एवं पुष्टि उपरांत नाम काटने की कार्रवाई की जाएं।

## पड़ोसी किराएदार के साथ मिलकर भाभी से रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुढ़ियारी थाना में एक महिला ने अपने देवर तथा एक अन्य के खिलाफ गैंग रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला सुखराम नगर में रहती है। महिला से रेप का आरोपी देवर मध्यप्रदेश, बालाघाट से मेहमानी में आया हुआ था। एक अन्य युवक बिहार का है, जो यहां कमाने खाने के लिए आया हुआ है और महिला के घर के पास एक अन्य मकान किराए पर लेकर रह रहा था।

पुलिस के अनुसार महिला से रेप करने वाला देवर महिला के पति के बुआ का लड़का है। वह पिछले कुछ दिनों से मेहमानी में आकर रह रहा था। महिला के देवर की दोस्ती पड़ोस में किराए से रह रहे बिहारी युवक से हो गई। महिला ने पुलिस को बताया है कि उसे उसका देवर बहला फुसलाकर बिहारी लड़के के घर 29 अक्टूबर को ले गया। इसके बाद दोनों ने बारी-बारी से महिला के साथ रेप किया। लोक लाज के भय से महिला अपने साथ रेप की घटना की जानकारी पति को नहीं दे रही थी। इस दौरान महिला के साथ उसके देवर ने दोबारा छेड़खानी की, तो महिला ने अपने पति को घटना की जानकारी दी। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार हैं।



- घटना के बाद दोनों आरोपी फरार
- घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की

## मूणत के प्रस्ताव को मिली मंजूरी, रायपुरा में सड़कों के निर्माण-डामरीकरण में 3 करोड़ रुपए होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के रायपुरा क्षेत्र में मेंटनेंस के अभाव में जर्जर एवं खराब हो चुकी सड़कों का जल्द नवीनीकरण किया जाएगा।

इन सड़कों के निर्माण व नवीनीकरण के लिए क्षेत्र के विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने 3 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। इस प्रस्ताव को अब मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद रायपुरा क्षेत्र में जल्द ही सड़कों के नवीनीकरण-डामरीकरण कार्य का शुभारंभ होगा। शासन द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी देने पर पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोक निर्माण मंत्री अरूण साव का आभार जताया है।

### स्थानीय जनता की मांग पर विधायक ने बनाया था प्रस्ताव

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने बताया कि करीब चार माह पूर्व वे अपने कार्यकर्ताओं के साथ रायपुरा क्षेत्र का दौरा किया था। इस दौरान लोगों ने जर्जर एवं खराब हो चुकी सड़कों पर आवागमन में होने वाली परेशानियों से अवगत कराया था, जिस पर उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया था कि वे सड़कों को जल्द से जल्द सुधारने की दिशा में पहल करेंगे। पूर्व मंत्री ने बताया कि इसके बाद उन्होंने 299.91 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर उसे स्वीकृति के लिए शासन को भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई है।

- प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर पूर्व मंत्री मूणत ने मुख्यमंत्री और पीडब्लूडी मंत्री का जताया आभार



### इन सड़कों को किया जाएगा नया

विधायक के प्रस्ताव पर जिन सड़कों को नया रूप देने की मंजूरी मिली है, उनमें मिनी टॉकीज रोड कुम्हारपारा इंद्रप्रस्थ रोड से विप्र नगर जाने का मार्ग, सतनामी पारा में नया गुरुकुल स्कूल के पास गली में पंचमुखी हनुमान शांति इंक्लेव के पीछे, द्वारिका विहार, गणेश नगर, देवनागरी, शिव विहार कॉलोनी और विप्र नगर की गलियों में बंधवा तालाब से प्रगति विद्यालय के पास की सड़क तथा गलियां और डामरीकरण-कांक्रीटीकरण शामिल है।

### लाखों लोगों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

उल्लेखनीय है कि रायपुरा क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण होने से इस क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक मूणत ने यह भी बताया कि समता व चौबे कालोनी के अंदरूनी मार्गों में करीब 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण कार्य शुरू कराया गया है। डीडी नगर के प्रमुख मार्गों का भी लगभग 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण कार्य शुरू होंगे है। यही नहीं गोकुल नगर, लक्ष्मण नगर एवं गोपाल नगर में रुपए 291 लाख रुपए से सड़क का निर्माण जल्द होगा। इसके अलावा सरोना में भी 273 लाख रुपए से मुख्य मार्गों का डामरीकरण कार्य को भी जल्द मंजूर करवाएंगे। रायपुर में आयोजित समारोह में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता-नेत्रियां और वार्ड के लोग मौजूद थे। इस दौरान सड़क-नालियों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते हुए राजेश मूणत ने दोहराया कि उनकी प्राथमिकता अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में लोगों के लिए खुशहाल वातावरण तथा सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। यह सिलसिला लगातार चलेगा, ताकि रायपुर पश्चिम के वार्डों के निवासियों को बड़ा बदलाव महसूस करवाया जा सके। वरिष्ठ विधायक मूणत ने दोहराया कि इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने समता-चौबे कालोनी के अंदरूनी मार्गों में करीब 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण शुरू करवाया है। डीडी नगर के प्रमुख मार्गों का भी लगभग 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण शुरू किया जा रहा है। यही नहीं, गोकुल नगर, लक्ष्मण नगर एवं गोपाल नगर में रुपए 291 लाख रुपए से सड़क निर्माण जल्द शुरू होने वाला है। पूर्व मंत्री मूणत ने जानकारी दी कि सरोना में भी 273 लाख रुपए से मुख्य मार्गों का डामरीकरण करने का प्रस्ताव जल्द मंजूर करवा लेंगे। उन्होंने कहा कि वे रायपुर पश्चिम के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित है। इस क्षेत्र में होने वाली सभी कार्य आम लोगों की जरूरतों पर ही आधारित रहेंगे।

# तीन माह पुराने फैसले अभी भी अधूरे

## संभागायुक्त ने अस्पताल प्रबंधन को दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अगस्त में स्वशासी समिति की बैठक में हुए फैसले को अब तक आंबेडकर अस्पताल में मरीज हित में अमल में नहीं लाया जा सका है। विभिन्न निर्णय को पूर्ण होने में कार्यवाही अभी प्रक्रियाधीन है। संभागायुक्त महादेव कांवरे ने इसे शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

- आंबेडकर अस्पताल की स्वशासी समिति की कार्यकारिणी की बैठक

संभागायुक्त ने बुधवार को मेडिकल कालेज और आंबेडकर अस्पताल के स्वशासी समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक ली। प्रतिवेदन में अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि कि पेइंग वार्ड के लिए 26, केजुअल्टी विभाग के लिए 9 एसी और सीटीवीएस विभाग के लिए 5 एसी के क्रय की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी की जा रही है। साइनेज बोर्ड लगाये जाने एवं अन्य नवीनीकरण कार्य करवाये जाने से संबंधित प्रस्ताव कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा को प्रेषित किया गया है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग के लिए एक प्रेशर इंजेक्टर मशीन खरीदने की कार्यवाही सीजीएमएससी द्वारा की जा रही है। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के अंतर्गत होने वाले पोस्टमार्टम कार्य हेतु नवीन वर्चुअल पोस्टमार्टम मशीन के क्रय किये जाने की अनुशंसा की गई थी जिसके अंतर्गत वर्तमान में मशीन का स्पेसिफिकेशन तैयार किया जा रहा है। सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की वेटिंग कम करने डीके अस्पताल से चर्चा पिछले तीन महीने से चल रही है।




### ये रहे उपस्थित

बैठक में सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह, अस्थिरोग विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत दास, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. निकिता शेरवानी, प्रशासनिक अधिकारी रंजना ध्रुव एवं उप संचालक वित्त ऋतु कौशिक उपस्थित रहे।

# फार्मेसी काउंसिल से डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता रद्द होने पर विवाद, रजिस्ट्रार पर एकतरफा फैसले का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेडिकल काउंसिल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी काउंसिल के मनोनीत सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता रद्द किए जाने के आदेश पर विवाद हो गया है। मामले में डॉ. गुप्ता ने रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर पर नियम विरुद्ध और दुर्भावनावश एकतरफा फैसला लिए जाने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर रजिस्ट्रार गुर्देकर का कहना है कि डॉ. गुप्ता पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। बिना सूचना लगातार बैठकों और कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहते थे। फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार द्वारा दो दिन पहले फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 19 (सी) का हवाला देते हुए करीब दो साल पहले मनोनीत किए गए डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया था। आदेश में हवाला दिया गया था कि डा. गुप्ता बिना सूचना के लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहे थे। नियम के अनुसार बिना सूचना लगातार तीन बैठक में नहीं आने पर उस सीट को खाली माना जाता है। रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर द्वारा जारी आदेश के बाद हंगामा मच गया है। डॉ. गुप्ता ने आरोप लगाया है कि उनका मनोनयन मेडिकल काउंसिल के माध्यम से किया गया है, तो सदस्यता रद्द करने का अधिकार भी मेडिकल काउंसिल के पास है। रजिस्ट्रार द्वारा कार्रवाई अवैधानिक तरीके से की गई है, जिसकी वजह उनकी गलत नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत किया जाना था। डॉ. गुप्ता का कहना है कि रजिस्ट्रार गुर्देकर द्वारा बदले की भावना से सदस्यता रद्द करने की कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने कहा कि बिना सूचना अगर कोई सदस्य बैठकों में अनुपस्थित रहता है, तो उसकी सदस्यता समाप्त होना माना जाता है। डॉ. राकेश गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई इसी नियम के आधार पर की गई है।

- रजिस्ट्रार ने बिना अधिकार जारी किया आदेश, शिकायत पर बदले की कार्रवाई : गुप्ता

### गुप्ता ने कहा भ्रष्टाचार के विरोध में लड़ाई जारी

डा. राकेश गुप्ता ने अपना मनोनयन रद्द करने की सूचना संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को प्रेषित की है। उन्होंने बताया है कि यह कार्रवाई बिना सदस्यों की सूचना अथवा बैठक लिए की गई है। मनोनीत या पदेन सदस्य की सदस्यता समाप्त करना पूरे सदन की अवमानना है। तीसरी बैठक के दौरान अश्विनी गुर्देकर रजिस्ट्रार नहीं थे और उसमें अनुपस्थित रहने की सूचना उनके द्वारा दी गई थी। मेरे द्वारा काउंसिल के अध्यक्ष और रजिस्ट्रार द्वारा की जा रही अनियमितता की शिकायत की गई थी। कार्यवाही में अड़ंगा लगाने उन पर कार्यवाही की गई है। उन्होंने रजिस्ट्रार के संबंध में हुई तमाम शिकायतों की जांच कर उन्हें हटाने की मांग भी की है।

## खबर संक्षेप



### मोंहदा के आश्रित ग्राम भण्डाबाहरा के स्कूल में पढ़ाई हो रही प्रभावित

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 14 किमी दूर ग्राम पंचायत मोंहदा के आश्रित ग्राम भण्डाबाहरा में एक शिक्षक के भरोसे पांच कक्षांए संचालित हो रही है। पांच कक्षाओं के बच्चों को एक साथ एक शिक्षक द्वारा शिक्षा देना किसी जादूगरी से कम नहीं है। ग्राम मोंहदा के ग्रामीणों ने बताया गरियाबंद जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गरियाबंद से कई बार शिक्षक की मांग कर चुके हैं। लेकिन अब तक शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बाताया जल्द शिक्षक की व्यवस्था नहीं किया गया तो ग्रामीण आन्दोलन करने मजबूर होंगे। प्राथमिक शाला भण्डाबाहरा में कुल दर्ज संख्या 25 छात्र-छात्राओं की है। एक शिक्षक द्वारा पांच कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। शिक्षक को विभागीय कार्य के लिए यदि ब्लाक मुख्यालय जाना होता है तो ऐसे में स्कूल में ताला लग जाता है। स्कूल के शौचालय,मूत्रालय की स्थिति भी बेहद खराब हो गई है।

### धरती के सिंगार कार्यक्रम का लोगों ने उठाया लुत्फ



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव पर लोक कला मंच धरती के सिंगार कार्यक्रम को लोग देर रात तक आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनक राम ध्रुव विधायक विन्द्रानवागढ़ थे। अध्यक्षता जनपद सदस्य नीलकण्ठ ठाकुर ने किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप मनीष ध्रुव,चिराग अलि, भानू प्रताप साहू,तिलेन्द्रसाहू उपसरपंच खड़मा थें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव भगवान कार्तिकेय के तारकासुर वध के लिए जाना जाता है। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव एक साथ समूह में खान पान कर सुख दुख को एक साथ बाटंते है और एक साथ मिलकर भगवान की पूजा अराधना करते हुए आंवला भात खाते हैं। हम सब में भाईचारा परिक्षलित करता है। धरती के सिंगार कार्यक्रम सभी दर्शकों का मन मोह लिया। हास्य प्रहसन से दर्शक लोट पोट हो गये। देर रात तक कार्यक्रम का आनंद विधायक महोदय जी लेते रहें। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मड़ेली के सरपंच लक्ष्मी ठाकुर, गजेन्द्र ठाकुर, दिनबंधु ठाकुर,सुमान ठाकुर, उपसरपंच भीखम ठाकुर, पीताम्बर ठाकुर, चन्द्रभान ठाकुर,शालिक राम ठाकुर, जागेश्वर ठाकुर, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमनारायण ध्रुव ने किया ।

### प्रवचन : सुख या दुख जो भी हो भगवान का पूजन व भजन नहीं छोड़ना चाहिए

# सच्चा मित्र वही जो सत्कर्मों की ओर लेकर जाए : पं. सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

■ श्रीमद भागवत कथा का पांचवा दिवस

श्रीमद् भागवत के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाललीला पर प्रसंग के दौरान व्यास पीठ से पंडित सागर चौबे ने मित्रों के चुनाव करने का सही मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में हम उनसे मित्रता, संबंध या आदर करते है जो सुंदर दिखते हैं, महंगे कपड़े पहनता है या आलीशान जीवनशैली में रहता है। किंतु मित्र का चयन करने से उनके सुंदरता के साथ-साथ व्यवहार एवं चरित्र को भी हमें देखना चाहिए। आज के परिवेश में गोवा घूमने वाले बहुत मित्र मिल जाएंगे किंतु वृंदावन धाम जाने से मना करेंगे। सत्कर्म में आपका साथ नहीं देंगे और न ही भागवत कथा का श्रवण की सलाह देंगे। पंडित ने कहा कि मित्र वही है जो सत्कर्म में ले जाए। बताया कि कंस का पूरा दरबार असुरों से भरा रहता था सभी मंत्रिमंडल में राक्षस थे उनसे कैसे कंस को सही सलाह की उम्मीद की जा सकती थी?

कथावाचक ने श्रीकृष्ण के बाललीला का प्रसंग बताते हुए कहते है कि जब कंस को यह पता चलता है कि श्रीकृष्ण नंदगांव में नंद बाबा के यहां है तो कंस द्वारा कृष्ण को मारने की तरकीब पूछने पर पूतना कहती है मैं जाऊंगी और उस बालक का वध करके आऊंगी। किंतु पूतना का इतना विशाल शरीर एवं राक्षसी रूप देखकर लोग डर जायेंगे। तब पूतना सुन्दर श्रृंगार करके लक्ष्मी जैसा सुंदर स्वरूप धारण कर लेती है और नंदबाबा के गांव गोकुल पहुंच जाती है। वहां पूतना का यह रूप देखकर गांव वाले पूतना को देवी लक्ष्मी का रूप समझते है। नंदबाबा के घर का पता पूछने पर ससम्मान उसे नंदबाबा के घर ले जाते है। वहां मां यशोदा पूतना को देवी मानकर आदरपूर्वक उसे बिठाती है एवं कन्हैया को उनके गोद में दे देती है। किंतु पूतना की मंशा कुछ अलग ही था इसी मंशा से भगवान श्रीकृष्ण को छुपकर दूध पिलाने का प्रयास करती है। जैसे ही पूतना दूध पिलाना प्रारंभ करती है पूतना भयभीत होकर चिल्लाने लगती है। पंडित चौबे आगे कहते है कि जब भगवान किसी को पकड़ लेते है तो छोड़ते नहीं है वो मनुष्य ही है जो जरा सी समस्या, दुख या आपदा आ जाए तो भगवान पर विश्वास कम कर देते है। हमारी दुख पीड़ा पूर्व जन्म के कर्म है अच्छे या बुरे कर्म जमा होते जाते है जिसका हिसाब बाद में होता है। सुख या दुख, जो भी हो भगवान का भजन नहीं छोड़ना चाहिए। इस प्रकार भगवान पूतना को नहीं छोड़ते। पूतना भयभीत होकर चिल्लाने लगती है एवं अपने वास्तविक स्वरूप में आकर गांव के बाहर भागने लगती है। किंतु भगवान उनकी गोद में होते है कुछ दूर पर जाकर भगवान कृष्ण पूतना को मारकर उसका उद्धार कर देते है। इतने विशाल शरीर को जलाना संभव नहीं था पूतना के शरीर को अलग-अलग टुकड़ों में काटकर जलाया जाता है जलने पर पूतना के शरीर से सुगंधित खुशबू आती है। तब पंडित चौबे बताते है कि कुछ समय के लिए पूतना के मन में भगवान श्रीकृष्ण को दूध पिलाते समय मातृत्व का भाव जागा था इसी का परिणाम है कि उनके शरीर को जलाने से बदबू के स्थान पर खुशबू आने लगी। इस प्रकार भगवान के हाथों पूतना का उद्धार हुआ।


कथा श्रवण करने पंडाल में श्रीमती भुवनेश्वरी-रामविनोद शर्मा,पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू,नगर पालिका परिषद नवापारा के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा,श्रीमती जानकी शर्मा,मीरा-प्रमोद शर्मा,मनीषा-गिरधर शर्मा,सुधा-रामभगवान शर्मा,मनोज जोशी,रजनीश शर्मा,डॉ. कर्नल आरपी पांडे,कुसुम दीवान,श्रीमती बेला-हरिनारायण दुबे,श्रीमती प्रमिला-अंबर शुक्ला,शक्ति-प्रसन्न शर्मा,श्रद्धा-आनंद तिवारी,निधि-समीर ठाकुर, कौमुदी-सौरभ शर्मा,अर्चना-शैलेशधर दीवान, दीपिका-सागर शर्मा,नुपुर-समीर शर्मा, सिद्धिविनायक शर्मा,डॉ प्रशांत, कृतिका, आस्था, पलक, अंश, कलश,आराध्या, पार्थ, देवांश, ईशान सहित बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु मौजूद थे।





#### आज कंस वध, रूक्मणी विवाह होगा

श्रीमद भागवत कथा प्रसंग का आज छंठवा दिवस 22 नवंबर शुक्रवार को कंस वध, रूक्मणी विवाह होगा। कल 23 नवंबर शनिवार को सुद्यामा चरित्र,परीक्षित मोक्ष की कथा बताई जाएगी। रविवार को तुलसी वर्षा,गीता हवन का कार्यक्रम होगा। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया है। श्रीमद भागवत कथा का यह आयोजन वार्ड नं 20 शीतलापारा में हो रहा है।



# शीतला मंदिर में संचालित धान खरीदी केंद्र में कर्मचारियों के बैठने के लिए जगह नहीं

### दो केंद्रों का प्रभार एक के अफसर के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शासन द्वारा विभिन्न समितियां के माध्यम से किसानों के धान समर्थन मूल्य में खरीदी की जा रही है। किसानों की मांग पर कई जगहों पर धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया है। इन केन्द्रों में ना ही कार्यालय भवन है, और ना ही खरीदी पर किसी प्रकार के सुविधा है। धान खरीदी साजापाली में सिर्फ एक बोरा से बना हुआ अस्थाई झोपड़ी है। जहां पर कुछ रजिस्टर रखा हुआ है। वहीं कुछ दूरी पर स्थानीय शीतला मंदिर है जहां रंगमंच में बोरा और एक कमरे के 80% भाग में बोरा और करीब 20% भाग पर दो कर्मचारी कार्य करते हुए मिले। उन्होंने कहा कि यहां पर धान खरीदी केंद्र का संचालन किया जा रहा है, ग्राम साजा पाली में विगत दो वर्ष पूर्व धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किया गया है। किंतु दो वर्ष में यहां पर किसी प्रकार के सुविधा नहीं दी गई है और नहीं संचालन के लिए किसी प्रकार का भवन है। इस अंदाज लगाया जा सकता है कि शासन खरीदी केंद्र का प्रारंभ कर देती है किंतु किसी प्रकार की सुविधा दो वर्ष में नहीं दे पाई है। खरीद केंद्र में सिर्फ सुविधा के नाम पर एक झोपड़ी बना हुआ है साजापाली में शीतला मंदिर प्रांगण के रंगमंच में धान खरीदी के लिए बोरे रखे हुए हैं। वहीं के कमरे में एक ऑपरेटर और एक सेवानिवृत कर्मचारी कार्य करते हुए मिला ,यहां पर धान खरीदी केंद्र का प्रभारी देवानंद सिन्हा है जो आदिम जाति सेवा समिति सोरिद का भी प्रभारी है। दोनों जगह के प्रभारी होने की वजह से दोनों जगह आना-जाना कर रहे हैं एवं सेवानिवृत कर्मचारी द्वारा रजिस्टर सहित कार्य करते हुए देखा गया। देवानंद सिन्हा ने कहा कि दोनों जगह प्रभार होने की वजह से नहाने खाने का समय नहीं मिलता है, सुबह धान खरीदी केंद्र साजा पाली से आकर धान खरीदी केंद्र सोरिद आया हूं एवं कर्मचारी नहीं होने की वजह से सेवनित कर्मचारियों से सेवा ली जा रही है। एक कमरे में बोरो के साथ कंप्यूटर ऑपरेटर और स्थाई कर्मचारियों के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने चर्चा में कहां की पानी के लिए एक बोर आम पेड़ के नीचे है वही सब जाकर पानी पीते हैं। इसी तरह प्रसाधन सहित अन्य किसी प्रकार के व्यवस्था नहीं है और ना ही सेट और धान रखने के लिए अभी बोरों में भूसा भरकर प्रारंभ किया जा रहा है।



### मंदिर में शिवलिंग की हुई प्राण-प्रतिष्ठा...





**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में सत्यभामा-अर्जुन देवांगन द्वारा नया तालाब किनारे भोलेबाबा शंकर मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई है। पंडित राकेश पांडेय ने मंत्रोच्चार के साथ स्थापना कराई। इस अवसर पर धर्मप्रेमी श्रद्धालु शिवभक्त बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# सांसद ने प्रधानमंत्री आवास के 20 हितग्राहियों को सौंपी चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ आवास की चाबी मिलने पर हितग्राही हुए प्रफुल्लित

महासुमंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी बुधवार 20 नवम्बर को आवास दिवस के अवसर पर जिला पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों के 20 हितग्राहियों को पक्के आवास की चाबी सौंपी।

उल्लेखनीय है कि इस योजना से ज़रूरतमंद लोगों को खुद का घर मिल रहा है। हितग्राहियों को पी.एम. आवास योजना से पक्के घर का सपना पूरा हो रहा है। हितग्राहियों ने बताया कि वे पहले मिट्टी और खपरैल वाले घर में रहते थे। इस कारण बरसात के दिनों में घर के अंदर पानी टपकने की समस्या रहती थी। ज़मीन भी गीली होने से फिसल के गिरने आदि डर रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना से अच्छे और सुरक्षित जगह रहने का सहारा मिलेगा है। इस योजना से मुझे बहुत सी समस्याओं से मुक्ति मिली है। उन्होंने उत्साहपूर्वक बताया कि खुद का पक्का घर बन जाने से अब बहुत बड़ी चिंता से मुक्ति मिली है। इसी तरह राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक ''हमर शौचालय-हमर सम्मान'' अभियान चलाया जा रहा है। सांसद श्रीमती चौधरी ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 5 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय का प्राशसकीय स्वीकृति आदेश पत्र प्रदाय किया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, सीईओ रीता यादव सहित संबंधित अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।



### किसानों को 51.33 करोड़ रुपए से अधिक का किया गया भुगतान

# छोटे किसानों को मिली बड़ी राहत, जिले में धान खरीदी से किसान हो रहे हैं खुशहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ अब तक 5218 किसानों ने 2 लाख 22 हजार 812 क्विंटल धान बेचा

जिले में 14 नवंबर से शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य तेजी से जारी है। किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर मूल्य मिलने से जिले में उत्साह का माहौल है। अब तक 5218 किसानों ने 7043 हेक्टेयर भूमि पर उगाई गई 2 लाख 22 हजार 812 क्विंटल धान बेची है, जिससे उन्हें 51.33 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है। इस वर्ष लघु और सीमांत किसानों को धान बिक्री में प्राथमिकता दी जा रही है। उनके लिए विशेष रूप से टोकन जारी किए जा रहे हैं, जिससे वे समय पर अपने धान का विक्रय कर सकें। जिले के 7465 किसानों को टोकन वितरित किए गए हैं। टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से भी किसान स्वप्रेरणा से टोकन प्राप्त कर रहे हैं। धान खरीदी 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा के साथ 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित इस समर्थन मूल्य ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने में मदद की है। धान खरीदी केंद्रों पर किसानों का फूल-मालाओं, गुलाल और मिठाई से स्वागत किया जा रहा है। इस कदम से किसानों को विशेष सम्मान और प्रेरणा मिली है। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। सरकार की इस पहल से किसानों में प्रसन्नता है। उन्हें न केवल आर्थिक लाभ मिल रहा है, बल्कि उनकी मेहनत को भी सराहा जा रहा है। किसान टोकन तुंहर हाथ एप का अधिक से अधिक उपयोग कर धान विक्रय के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

**राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, आय बढ़ाएंगे-** राज्य सरकार की यह पहल किसानों के सशक्तिकरण और उनकी आय बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का यह अभियान छोटे और सीमांत किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### चरौदा,बेलर, परसदाकला में नियुक्त किए गए प्राधिकृत अध्यक्ष

**छुईहा बेलर।** किसानों को बेहतर सुविधा प्रदान करने और समिति के कार्यों में तेजी लाने भाजपा सरकार द्वारा सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियो में अशासकीय प्राधिकृत अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसके तहत



कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं गरियाबंद सहायक आयुक्त उषा ध्रुव द्वारा 18 नवम्बर को हस्ताक्षरयुक्त आदेश में प्राधिकृत नियुक्त किए गए हैं। जारी सूची में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, चरौदा पं.क्र. 1142 के इतवारी राम सिन्हा चरौदा पिता केजू राम सिन्हा,पं क्र न.881 बेलर अमर सिंग पिता आन्नद साहू बेलर , गुण्डरदेही पं क्र 705 बंशी लाल रात्रे पुनु राम गुण्डरदेही, फिगेंश्वर पं क्र 685 अश्वनि विश्वकर्मा पिता महेत्तर राम , परसदाकला पंक्र 63 जनक श्रीवास पिता गोविंद श्रीवास परसदाकला , कौंदकेरा पं क्र 877 बाबुलाल साहू ,जेंजरा महेश साहू, सहसपुर लाला राम साहू, लोहसिंग धनी राम साहू को प्राधिकृत नियुक्त किया गया है।

### सुरसाबांधा में किया गया धान फसल कटाई प्रयोग



**सुरसाबांधा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत न्यादर्श पद्धति से धान फसल कटाई का प्रयोग राजस्व विभाग के संबंधित कर्मचारियों व बीमा एजेटों द्वारा खेतों में जाकर किया जा रहा है । मंगलवार को ग्राम सुरसाबांधा में पटवारी दिलीप कुमार साहू ने कोटवार अनिल टांडिया व प्रधानमंत्री फसल बीमा एजेंट के साथ मौके पर जाकर धान फसल का कटाई व मिंजाई कराकर नापतौल कर मोबाईल एप से आनलाइन प्रयोग किया।

### किसानों का तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर किया स्वागत



**छुरा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अंतर्गत सभी समितियां में शासन के नियम अनुसार प्रतिवर्ष की भांति सभी समितियों में धान खरीदी 14 नवंबर से प्रारंभ की गई है। आदिम जाति सेवा समितिछुरा के प्रभारी प्रबंधक रामकरण त्रिवेदी,कंप्यूटर ऑपरेटर भोजराम साहू, सहायक लिपिक यशवंत यादव और जिला सहकारी बैंक शाखा खड़मा के असिस्टेंट मैनेजर ओम प्रकाश यादव उपस्थित थे। धान बेचने आए किसानों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराया गया ।

**अच्छी खबर:** विधायक रोहितने धान खरीदी केन्द्र में फर्शीकरण, टिन शेड के लिए 10-10 लाख

# संयुक्त प्रयास से बैराज निर्माण की मांग शासन तक पहुंचाने का सार्थक होगा प्रयास : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बैराज निर्माण को लेकर 10 सालों से मेहनत एवं संघर्ष करने वाले किसानों की मांग खाली नहीं जाएगी। बैराज की मांग शासन तक पहुंच गई है। स्वीकृति दिलाने विधायक रोहित साहू के साथ पूरा-पूरा प्रयास किया जाएगा।

उक्त बातें सूखा नदी बैराज संघर्ष समिति 18 ग्राम के किसानों को मुख्य अतिथि की आसंदी से महासमुंद सांसद श्रीमति रूपकुमारी चौधरी ने कहीं। उन्होंने आगे कही कि किसानों की मूलभूत समस्या कृषि कार्यों को लेकर पानी की सदैव रही है। कम पानी से किसान अन्न का पर्याप्त उत्पादन नहीं कर सकता। केन्द्र की मोदी सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर अत्यंत गंभीर है। किसानों को लेकर अनेक योजनाओं का क्रियान्वन भी कर रहे हैं। राज्य सरकार भी गांव,गरीब,किसानों के लिए योजनाओं का क्रियान्वन कर उसका लाभ दे रहे हैं। चाहे महतारी वंदन योजना हो या आवास योजना हो या अन्य सभी योजनाएं धरातल पर दिख रही है। सिकासार जलाशय के पानी को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है कि जलाशय के पानी को महासमुंद ले जाया जाएगा। जबकि हकीकत है कि बारिश में जो सिकासेर का उलट पानी बहता है। उसे जिले के किसानों के काम के लिए ले जाने की योजना बन रही है। यह पानी केवल बेकार में जाता है जो किसानों का काम आयेगा और उससे जो पानी बचेगा उसे बागबहरा महसमुंद ले जाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अटल सड़क योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस सड़क के माध्यम से ही आज हम लोग ग्रामों तक सरलता से पहुंच रहे हैं। आज अटल जी होते तो निश्चित ही नदी से नदी को जोड़ने की योजना भी फलीभूत होती।

■ सिंचाई विभाग ने बैराज निर्माण के लिए 103 करोड़ का बनाया स्टीमेट




#### मांग पुरानी, जल्द पूरा कराने का करेंगे प्रयास किया

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह मांग बहुत पुरानी है जो जल्दी ही पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कांग्रेसी नेता भ्रम फैलाकर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं। उनका कहना है कि सिकासेर का पानी महासमुंद ले जा रहे जबकि हकीकत है कि जो पानी बांध से वेस्टेज होता है। उस पानी को क्षेत्र के किसानों तक पहुंचाने का प्रयास होगा और उसके बाद भी जो पानी बचेगा उसे बागबहरा आदि स्थानों पर पहुंचाया जाएगा।देश का छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां धान की कीमत 31सौ रुपए क्विंटल पर खरीद रही है। आमानाला के लिए साढ़े सात करोड़ की स्वीकृति मिल गई। वहीं पर कोटरी नाले के लिए 21 करोड़ 87लाख की स्वीकृति मिली है। पानी की मांग को लेकर आप लोगों की प्रमुख मांग सूखा नदी में बैराज निर्माण को लेकर सिंचाई विभाग द्वारा 103 करोड़ का स्टीमेट तैयार की है जिसे शीघ्र ही बजट में जोड़वाने का प्रयास होगा। धान उपार्जन केन्द्र में फर्शीकरण के लिए 10 लाख,गुंडरदेही टीन शेड निर्माण के लिए 10 लाख एवं ग्राम सड़कड़ा के लिए देव स्थल पर रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपया देने की घोषणा की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भुनेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल साहू,जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति मधुबाला रात्रे ने भी बैराज निर्माण की मांग को प्रमुखता से बताया। कार्यक्रम का संचालन कुमान साहू के द्वारा किया गया।



#### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव,बोधन साहू,राजू साहू,अशोक साहू,भुवन साहू,कृशलाल साहू,गैंदलाल यादव,सियाराम ध्रुव, डा.गंगाराम साहू,नेतराम साहू,लखन लाल साहू, सरपंच आनंद राम साहू,जनपद सदस्य रामाधीन ध्रुव, रोहित साहू,घनाराम अड़वंशी,संतराम साहू,देवनाथ ध्रुव,नरोत्तम सिन्हा,यशवंत साहू,दशरथ सिन्हा,कोमल ढीढी,केदार ध्रुव,लाकेश सिन्हा, राजकुमार सिन्हा,सिंचाई विभाग के एसडीओ कुलेश्वर जोशी सहित सहित सैकड़ों की सख्या में बैराज निर्माण को लेकर 18 ग्राम के किसान उपस्थित थे।

# पशुओं के प्रति क्रूरता करने वाले व्यक्तियों को सजा दिलाने के लिए कार्रवाई की जाएगी

**पशु कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा: कलेक्टर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला बनने के बाद पहली बार गठित जिला पशु कल्याण एवं पशु क्रूरता निवारण समिति की विगत दिवस पहली बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पशु कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही समिति में जरूरी सदस्यों को शामिल करने एवं पशु कल्याण की दिशा में सकारात्मक कार्य करने के निर्देश दिए गए। समिति की बैठक में पशुओं के इलाज एवं विभिन्न सेवाओं के लिए संभावित दर को अनुमोदन के लिए रखा गया।

■ जिला पशु कल्याण एवं पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बड़े एवं छोटे पशुओं के पंजीयन शुल्क, रेबीज टीकाकरण, गर्भ परीक्षण, गर्भाशय में दवाई डालने सहित लघु एवं दीर्घ शल्य क्रिया के लिए प्रस्तावित शुल्क की जानकारी ली। साथ ही बड़े एवं छोटे पशुओं को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने के शुल्क के भी प्रस्ताव की जानकारी ली। उन्होंने लोगों की सुविधा एवं पशु कल्याण को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार शुल्क निर्धारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, वनमंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ओपी तिवारी सहित पशु चिकित्सक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जिला पशु कल्याण समिति एवं पशु क्रूरता निवारण समिति के बैठक के एजेंडा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने समिति में जिले में पदस्थ विभागीय संस्थाओं के राजपत्रित अधिकारियों को समिति के पदेन सदस्य नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा। साथ ही पशु चिकित्सालय को 50 हजार रुपए से अधिक दान देने वाले व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधियों को भी समिति में सदस्य नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा। उप संचालक ने बताया कि जिले में पशु कल्याण एवं पशु क्रूरता निवारण समिति का गठन पशुओं के कल्याण के लिए की गई है। समिति का उद्देश्य पशुओं के प्रति क्रूरता करने वाले व्यक्तियों पर निगरानी करने, उन्हे सचेत करने तथा आवश्यकता हुई तो सजा दिलाने हेतु कार्रवाई की दिशा में कार्य करना है। इसके अलावा पशुओं के चिकित्सा हेतु प्रबंध, बुढ़ापे एवं अन्य किसी प्रकार से कार्य के आयोग्य पशुओं के लिये सदन बनाना एवं संस्कृति एवं सभ्यता के उत्थान में विश्वास रखने वाले व्यक्तियों से पशुओं के प्रति किसी प्रकार के क्रूर दुर्व्यवहार के संबंध में सूचना एवं सुझाव आमंत्रित करना भी उद्देश्य है।




#### बच्चों में मानवता का भाव उत्पन्न करेंगे

साथ ही विद्यालयों तथा अन्य संस्थाओं की पाठ्य पुस्तकों में पशुओं के प्रति बच्चों एवं युवाओं से मानवता एवं प्रेम भावना उत्पन्न करने कार्य करना। ऐसे पाठ रखवाना, पशुओं के प्रति हिंसा एवं क्रूरता के विरूद्ध व्यापक प्रचार प्रसार, मांसाहार के विरूद्ध व्यापक प्रचार एवं अन्य कानूनों के अंतर्गत पशुओं की हिंसा से संबंधित धाराओं का पालन करवाना भी समिति के उद्देश्य में शामिल है।

# विधायक जनक ने मजदूरों के साथ खेत में उतरकर की धान कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। कभी सायकल के माध्यम से कई किमी सफर कर ग्रामीणों का समस्या जानने हाथी प्रभावित ग्रामों में पहुंच जाते हैं। ग्रामीणों के समस्या सुनते नजर आते है तो कभी स्कूल में बच्चों को पढ़ाते दिखते हैं।

■ ग्राम बरही में उनके चार एकड़ खेत में लगी है धान की फसल

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव आज मजदूरों के साथ खेत में धान कटाई करते नजर आए। शुरू में तो विधायक जनक ध्रुव को कोई नहीं पहचान पाया लेकिन थोड़े देर बाद उनके सुरक्षा गार्ड के पहुंचने पर लोगों की भीड़ लग गई। मिली जानकारी के अनुसार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरही में विधायक जनक ध्रुव के चार एकड़ खेत हैं, जहां धान की फसल लगी हुई है। आज विधायक जनक ध्रुव अचानक खेत पहुंचे और मजदूरों के साथ धान कटाई करने लग गए। विधायक जनक ध्रुव परम्परागत तरीके से हंसिया से धान काटते दिखाई दिए। लगभग एक घंटे तक उन्होंने खेत में धान की कटाई किया। इस दौरान आसपास के लोगों को भनक भी नहीं लगी। लेकिन कुछ समय बाद उनके सुरक्षा गार्ड खेतों की मेड़ तक पहुंच गए तो ग्रामीणों को जानकारी लगी। विधायक धान कटाई कर रहे हैं।



#### खेत में ही चावल की रोटी व चटनी का स्वाद लिया

विधायक से मिलने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जहां विधायक ने ग्रामीणों के साथ खेत में ही चावल से बनी रोटी और चटनी का स्वाद लिया। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों ने अनेक बुनियादी समस्याओं से उन्हे अवगत कराया। विधायक जनक ध्रुव ने तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर समस्या समाधान करने का निर्देश दिया। चर्चा में विधायक जनक ध्रुव ने बताया वे स्वयं किसान के पुत्र है और शुरू से खेती किसानी के प्रति लगाव रहा है आज लोगों को धान कटाई करते देख उन्होने अपने आप को रोक नहीं पाए। धान कटाई करने में उन्हें दिल से सुकून मिला।

### पृथ्वी पर धर्म की स्थापना के लिए हुआ भगवान श्रीराम का जन्म : आचार्य पांडेय

**रायपुर।** भगवान श्रीराम अवतारी पुरुष थे। उन्हें विष्णु जी का सातवां अवतार माना जाता है। श्रीराम का अवतार धरती पर मर्यादा का संदेश देने के लिए हुआ था। इसलिए प्रभु श्री रामचंद्र जी को मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से भी जाना जाता है। पृथ्वी पर धर्म की स्थापना के लिए भगवान श्रीराम का जन्म हुआ। ये बातें डूमरतराई में चल रहे श्रीराम कथा के तीसरे दिन बुधवार को दौरान आचार्य युवराज पांडेय महाराज ने कहीं। उन्होंने आगे भक्तों को भगवान श्रीराम की जन्मोत्सव की कथा बताई। उन्होंने कहा कि, भगवान जब-जब जन्म या अवतार लेते हैं तब तक कोई एक कारण नहीं रहता है उनके अनेक कारण रहते हैं और अनेक कर्म को देखते हुए ही भगवान अवतार लेते हैं। प्रभु श्रीराम ने जब अवतार लिया तो मर्यादा की स्थापना के साथ ही परिवार में माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी की क्या भूमिका रहती है यह भी भगवान श्रीराम से सीख मिलती है।

# कांदाडोंगर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने अफसरों का दौरा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल कांदाडोंगर क्षेत्र को पर्यटन के तर्ज पर बढ़ावा देने हेतु हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन एवं ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों की मांग पर गरियाबंद कलेक्टर द्वारा अफसरों को लगातार दौरे पर भेजकर परीक्षण कराया जा रहा है। इसी बीच जनपद सीईओ डीएस नागवंशी एवं स्थानीय अधिकारियों के टीम कांदाडोगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। कांदाडोंगर में स्थित तालाब में सौंदर्यीकरण पचरी निर्माण , देवी स्थलों में बाउंड्रीवॉल, कांदेश्वर महादेव मंदिर में स्वीकृत शेड निर्माण, भैरव मंदिर में टीन शेड निर्माण एवं मंदिर प्रांगण में सीमेंट पेवर , शौचालय निर्माण, दर्शनार्थियों के विश्राम हेतु गौशाला



पशुपालन हेतु टीन शेड एवं जमीन समतलीकरण का निरीक्षण कर विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए स्टीमेट बनाया गया। इस मौके पर प सरपंच एवं हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन के संरक्षक टीकम पुजारी , आशुतोष सिंह राजपूत , मधु सूर्यवंशी, तीरेश प्रधान, सचिन श्याम कश्यप भाग्यराज यादव एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।







